विचारार्थ विषय

वरिष्ठ परामर्शदाता (आरसीएच - दाता समन्वय) / (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- विश्व बैंक, यूएसएआईडी, डीएफआईडी, बीएमजीएफ, यूएनएफपीए, निजी क्षेत्र फाउंडेशन एवं ट्रस्ट जैसे द्विपक्षीय/बहुपक्षीय विकास भागीदारों के साथ समन्वय कहना, द्विपक्षीय समीक्षाओं और परामर्शदाताओं के लिए उच्च मूल्य इनपुट उपलब्ध कराना, करारों/ समझौता-ज्ञापन की समीक्षा, वित्त मंत्रालय को वितरित दावों की प्रस्तुति करना।
- आरएमएनसीएच+ए कार्यकलायों का समन्वय करना, समीक्षा बैठकें आयोजित करना तथा की गई कार्रवाई की अनुवर्ती करवाई।
- आरएमएनसीएच+ए से संबंधित मुद्दों पर विकास भागीदारों के साथ समन्वय करना।
- आरएमएनसीएच+ए कार्यकलापों के आवधिक सहायक पर्यवेक्षण दौरे करना।
- समस्याओं की जांच करना तथा राज्यों और कार्यकम प्रभागों को उत्तर उपलब्ध कराना।
- समीक्षा मिशनों पर की गई कार्रवाई पर कार्यक्रम प्रभागों और राज्यों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- परियोजना प्रस्तावों की समीक्षा करना तथा संबंधित मामलों पर विभिन्न मंत्रालयों के साथ समन्वय करना।
- उपर्युक्त सभी कार्यों पर समयबद्ध कार्रवाई करना तथा की गई कार्रवाई पर रिपोर्टें प्रस्तुत करना।
- अन्य कोई कार्य जो समय-समय पर सौंपा जाएगा।
- उपर्युक्त सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करना।

पात्रता:

- किसी विख्यात और मान्यता-प्राप्त संस्थान से सामाजिक कार्य / स्वास्थ्य प्रबंधन / एमबीए में स्नातकोत्तर डिग्री।

- न्यूनतम 6-8 वर्ष का अनुभव जिसमें से 3-4 वर्ष का अनुभव राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय सरकार के आरसीएच कार्यक्रम में हो। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- जन स्वास्थ्य प्रणाली, और संगत सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जानकारी होना। अनुदान प्रबंधन की अच्छी जानकारी होना आवश्यक है। अंग्रेजी लिखने एवं बोलने का ज्ञान और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अपेक्षित है।

औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो या जब-कभी विशिष्ट महत्व का कार्य अनुभव हो।

आयु: दिनांक 1/4/2016 की तिथि के अनुसार 55 वर्ष से अधिक न हो। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 1.30 - 1.50 लाख के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक **04.06.2016** को **अपराह्न 4:00 बजे** तक ई-मेल **srconsultant.rchdc@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।